# शेरावाली का आया है नवराता भजन लिरिक्स

शेरावाली का आया है नवराता,
आया नवराता, आया नवराता,
आया है नवराता,
शेरोवाली का आया है नवराता,
ज्योतावाली का आया है नवराता।**bd**।

---

सिंह सवारी करके आई मैया शेरावाली,
घर घर में उजियारा करने आई जोतावाली,
भक्तो का दु:ख हरने देखो आई मेहरावाली,
शेरोवाली का आया है नवराता,
ज्योतावाली का आया है नवराता।**bd**।

---

गाँव गाँव में शहर शहर में कैसी खुशियां छाई,
नीले अम्बर से धरती पर उतरी है महामाई,
ढोल और ताशे बजने लगे है घर घर बंटे बधाई,
शेरोवाली का आया है नवराता,
ज्योतावाली का आया है नवराता।**bd**।

---

एकम से नवमी तक मैया सबके घर जाएगी,
अन्न धन माल खजाना लाई देकर वो जाएगी,
रामा हम भक्तो से थोड़ा प्यार वो ले जाएगी,
शेरोवाली का आया है नवराता,
ज्योतावाली का आया है नवराता।**bd**।

---

शेरावाली का आया है नवराता,
आया नवराता, आया नवराता,
आया है नवराता,
शेरोवाली का आया है नवराता,
ज्योतावाली का आया है नवराता।**bd**।

**Singer – Rinku Sahil**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com